# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 47 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक


## होर्मुज में नाकेबंदी के ऐलान से तेल बाजार में उथल-पुथल, भारत पर महंगाई का खतरा




**नई दिल्ली**। वैश्विक बाजार में उस समय हलचल मच गई जब डोनाल्ड ट्रंप की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में संभावित नाकेबंदी का संकेत सामने आया। इस बयान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है। अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमत करीब 8 फीसदी बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

### क्या है होर्मुज स्ट्रेट का महत्व

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल आपूर्ति मार्गों में से एक है। वैश्विक स्तर पर करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह की बाधा का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर पड़ता है।

### बाजार में क्यों आया उछाल

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सप्लाई बाधित होने की आशंका ने निवेशकों को चिंतित कर दिया है। इसी डर के कारण तेल की कीमतों में अचानक तेजी देखी गई।

### भारत पर क्या होगा असर

भारत जैसे देश, जो अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर हैं, इस स्थिति से सीधे प्रभावित होंगे। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी संभव ट्रांसपोर्ट महंगा होने से रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ सकते हैं

### महंगाई दर पर दबाव बढ़ेगा

सरकार के सामने चुनौती तेल कीमतों में उछाल भारत सरकार के लिए आर्थिक चुनौती बन सकता है। कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए टैक्स में कटौती या वैकल्पिक सप्लाई के विकल्प तलाशने पड़ सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि हालात और बिगड़ते हैं और होर्मुज में वास्तविक बाधा आती है, तो तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी व्यापक असर पड़ने की आशंका है।

## बिहार में सत्ता परिवर्तन की आहट



पटना। बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत तेज हो गए हैं। राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर सियासी गतिविधियां चरम पर हैं और आने वाले 48 घंटे बेहद अहम माने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, संभावित घटनाक्रम के तहत 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस्तीफा दे सकते हैं। इसी दिन नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान भी संभव है। इसके अलावा, 14 अप्रैल को कैबिनेट की अहम बैठक भी प्रस्तावित है, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।

### 15 अप्रैल को शपथ ग्रहण की संभावना

जानकारी के मुताबिक, 15 अप्रैल को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा सकता है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम लोकभवन पहुंचे, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### CM आवास पर बैठकों का दौर तेज

इस बीच, मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग पर राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। जदयू के कई वरिष्ठ नेता और मंत्री यहां पहुंचे। इनमें जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और मंत्री विजय चौधरी शामिल हैं। इन बैठकों को संभावित सत्ता परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पूरी प्रक्रिया तय योजना के अनुसार चल रही है।

## 'CM को तुरंत हटाना होगा, इसलिए लाए नए LG'-AAP का BJP पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली। राजधानी की सियासत में नया विवाद खड़ा हो गया है। आम आदमी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि "मुख्यमंत्री को हटाने की साजिश के तहत ही नया उपराज्यपाल लाया गया है।"**

### LG की नियुक्ति पर उठे सवाल

AAP नेता का आरोप है कि हालिया घटनाक्रम और फैसलों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि केंद्र सरकार दिल्ली की सत्ता संरचना में दखल बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल की भूमिका को "राजनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

### CM को लेकर बयान से बढ़ा विवाद

नेता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री को लेकर जो स्थिति बनाई जा रही है,




वह "शर्मनाक" है और इसके पीछे राजनीतिक मकसद छिपा हुआ है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर किसी नाम का जिक्र नहीं किया, लेकिन बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### BJP ने आरोपों को किया खारिज

वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि AAP बेबुनियाद और भ्रामक आरोप लगाकर जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है।

## असल मुद्दा महिलाओं के लिए आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन है: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को जोर देकर कहा कि इस सप्ताह संसद के विशेष सत्र में विधेयक लाने के सरकार के कदम को लेकर असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन है। गांधी ने दावा किया कि यह ''परिसीमन प्रस्ताव अत्यंत खतरनाक'' है और ''संविधान पर भी हमला'' है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा में सीटों की संख्या में वृद्धि करने वाले किसी भी परिसीमन को केवल गणितीय रूप से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी न्यायसंगत होना चाहिए। उन्होंने 'द हिंदू' में प्रकाशित एक लेख में यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की असल मंशा जाति आधारित



जनगणना को और ''टालने तथा उसे पटरी से उतारने'' की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्षी दलों से उन विधेयकों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं, जिन्हें सरकार संसद के विशेष सत्र में जबरदस्ती पारित कराना चाहती है, जबकि उस समय तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर होगा। उन्होंने कहा, ''इस जल्दबाजी की केवल एक ही वजह हो सकती है और वह है राजनीतिक लाभ लेना तथा विपक्ष को रक्षात्मक स्थिति में डालना।'' गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री हमेशा की तरह पूरा सच नहीं बता रहे। उन्होंने कहा कि संसद ने सितंबर 2023 में विशेष सत्र के दौरान 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' सर्वसम्मति से पारित किया था और इस कानून के तहत संविधान में अनुच्छेद 334-ए जोड़ा गया, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया।

## "बिजली नहीं, पानी नहीं... फिर भी टीवी और आरओ - सरकार की प्राथमिकताएं सवालों के घेरे में"

सलीम हुसैन

**झाबुआ**। मध्य प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की जमीनी हकीकत एक बार फिर सरकार के दावों की पोल खोल रही है। जिन केंद्रों में आज तक बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां एलईडी टीवी और आरओ मशीनें लगाने का निर्णय न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि यह सरकारी धन की खुली बर्बादी का उदाहरण है। यह अत्यंत गंभीर विषय है कि जिन आंगनवाड़ी केंद्रों में जलस्रोत (बोरिंग/हैंडपंप) तक उपलब्ध नहीं हैं, वहां आरओ उपकरण लगाए जा रहे हैं। बिना पानी के आरओ मशीनें केवल दिखावा बनकर रह जाएंगी। यह फैसला जमीनी जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है और केवल कागजों में विकास दिखाने का प्रयास है।

डॉ. विक्रांत भूरिया, अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस एवं विधायक झाबुआ ने महिला एवं बाल विकास मंत्री पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह विभाग बच्चों और महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और भविष्य से जुड़ा है, लेकिन वर्तमान में यह गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही का शिकार हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना इंस्टॉलेशन और वेरिफिकेशन के भुगतान किया जाना सीधा-सीधा भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ी की ओर संकेत करता है। कई जिलों में उपकरण गोदामों में पड़े हैं, लेकिन भुगतान हो चुका है- यह बेहद गंभीर मामला है।

डॉ. भूरिया ने आंगनवाड़ी व्यवस्था की प्रमुख समस्याएं गिनाईं:

1. आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है।
2. कई केंद्र जर्जर भवनों या किराए के कमरों में संचालित हो रहे हैं।
3. पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।
4. कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।
5. बच्चों और महिलाओं के लिए



पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं है।
6. कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त सर्वे और प्रशासनिक कार्यों का बोझ बढ़ता जा रहा है।
7. दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं को सुरक्षा, संसाधन और प्रशिक्षण की कमी है।

सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल-डॉ. भूरिया ने कहा कि सरकार को दिखावटी योजनाओं के बजाय बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। पहले हर आंगनवाड़ी में पानी, बिजली, सुरक्षित भवन और पोषण सुनिश्चित किया जाए-उसके बाद ही आधुनिक उपकरणों की बात की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में प्रति बालक/बालिका पर प्रतिदिन 10 रुपये से भी कम खर्च किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है और सरकार की संवेदनहीन प्राथमिकताओं को उजागर करता है।

मुख्य मांगें:

- पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए
- दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो
- आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली, पानी और भवन की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए
- कार्यकर्ताओं का मानदेय समय पर दिया जाए
- कुपोषण दूर करने के लिए ठोस और प्रभावी योजना लागू की जाए

चेतावनी-यदि सरकार शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाती है, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करेगी।

## ब्यौहारी में सुपरवाइजर-प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू, निकली जागरूकता रैली

प्रदीप सिंह बघेल

**शहडोल**। जनगणना वर्ष 2027 के तहत सोमवार को नगर परिषद ब्यौहारी क्षेत्र में सुपरवाइजर और प्रगणकों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को जनगणना के महत्व और प्रक्रिया से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम में एडीएम सरोधन सिंह, एसडीएम भागीरथी लहरे सहित दिल्ली




से आए जनगणना अधिकारी गिरीश शुक्ला और शरद गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम ,बी.ओ. केसरवानी, योगेश गुप्ता, चंद्र प्रताप कुशवाहा और अंकित गुप्ता समेत जनगणना कार्य में लगे सभी सुपरवाइजर एवं प्रगणक भी शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों ने प्रगणकों को घर-घर सर्वे की प्रक्रिया, डेटा संकलन की सटीकता और गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई।

# खाकी पर गंभीर आरोप!

### फर्जी गवाह बनाने और धमकी देने के मामले में घिरे थाना प्रभारी

## ग्वालियर के युवक को हत्या के केस में जबरन गवाह बनाने का खेल; न्यायालय की शरण में पहुंचा पीड़ित

ऋषि गोस्वामी

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा थाना प्रभारी सुनील राजपूत पर ग्वालियर के एक युवक को फर्जी गवाह बनाने और अब केस वापस लेने के लिए डराने-धमकाने के सनसनीखेज आरोप लगे हैं। मामला अब न्यायालय तक पहुंच चुका है, जहां पीड़ित ने अपनी जान का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता इसरार मोहम्मद (निवासी ग्वालियर) ने बताया कि वर्ष 2022 में वह एक निजी बस पर कंडक्टरी करता था। 12 फरवरी 2022 को सुभाषपुरा थाने के सामने बस खराब होने के दौरान तत्कालीन दरोगा सुनील राजपूत ने उसका आधार कार्ड लिया और सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। पीड़ित का आरोप है कि उसे बिना जानकारी के रामसेवक जाटव हत्या कांड (2022) में गवाह बना दिया गया। जब जुलाई 2025 में उसे गवाही के लिए फोन आया, तो उसने स्पष्ट मना कर दिया कि वह किसी भी घटना का चश्मदीद नहीं है। न्यायालय में खुली पोल, तो मिलने लगी धमकियां इसरार मोहम्मद के अनुसारः दबाव का खेलः दरोगा ने उसे शिवपुरी के घोड़ा चौराहे पर रोककर धमकी दी कि यदि गवाही नहीं दी तो उसे झूठे केस में जेल भेज दिया जाएगा।

साहसी कदमः पीड़ित ने डरे बिना जे.एम.एफ.सी. श्रीमती निहारिका व्यास के न्यायालय में BNSS 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत दरोगा के खिलाफ परिवाद दायर कर दिया। ताजा धमकीः न्यायालय में मामला दर्ज होने और समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद, 11 अप्रैल 2026 को ग्वालियर बस स्टैंड पर दो पुलिसकर्मी (दीवान और आरक्षक) पहुंचे और उसे केस वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी।

### एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी और अपने परिवार की जान की सुरक्षा मांगी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित दरोगा पिछले 5 वर्षों से इसी जिले में पदस्थ है, जिससे वह जांच को प्रभावित कर सकता है। पीड़ित ने मांग की है किः दरोगा सुनील राजपूत का जिले से बाहर स्थानांतरण किया जाए। धमकी देने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कर कार्रवाई हो। पीड़ित परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए। "न्याय की इस लड़ाई में अगर मुझे या मेरे परिवार को कुछ होता है, तो इसके जिम्मेदार सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे।" » — इसरार मोहम्मद (पीड़ित)

»» **संपादकीय टिप्पणीः** यह मामला पुलिस सुधारों और गवाहों के संरक्षण पर बड़े सवाल खड़े करता है। यदि एक आम नागरिक को फर्जी तरीके से संगीन मामलों में फंसाया या गवाह बनाया जाएगा, तो कानून व्यवस्था से जनता का विश्वास उठना लाजिमी है। अब देखना यह है कि शिवपुरी पुलिस प्रशासन अपने ही विभाग के अधिकारी पर क्या कार्रवाई करता है।

## चलती ट्रेन में आया अटैक स्टेशन आने से पहले हुई मौत

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल से उमरिया आ रही ट्रेन में एक दर्दनाक घटना ने पूरे शिक्षा जगत को स्तब्ध कर दिया।करकेली जनपद शिक्षा केंद्र के पूर्व समन्वयक एवं साक्षर भारत मिशन के जिला समन्वयक रहे संतोष कुमार गौतम जी का अचानक ट्रेन में हार्ट अटैक आया और रेलवे स्टेशन पहुंचते पहुंचते उन्होंने दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक संतोष कुमार गौतम सेवा कार्य के सिलसिले में उमरिया कलेक्ट्रेट आ रहे थे।यात्रा



के दौरान ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और हार्ट अटैक आने से यह दुखद हादसा हो गया।घटना के बाद तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।संतोष कुमार गौतम जी शिक्षा क्षेत्र में अपनी सादगी,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते थे।उनके आकस्मिक निधन की खबर से पूरे शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।सहकर्मियों,शिक्षकों और जान-पहचान के लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।घटना की खबर के बाद जिला अस्पताल में शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी शिक्षा जगत में अफरातफरी का माहौल छाया हुआ है।

## अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज से MBBS की डिग्री प्राप्त कर खुशी शुक्ला ने बढ़ाया जिले का मान

**कटनी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला एवं श्रीमती मनोरमा शुक्ला की सुपुत्री खुशी शुक्ला ने अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज, विदिशा से MBBS की डिग्री प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कुलपति महोदय ने उन्हें डिग्री प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खुशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को दिया।**



रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक



# अम्बेडकर जयंती- 2026:इंदौर में डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पूर्ण आस्था एवं अपार उत्साह के साथ मनाई जाएगी

## जन्मस्थली स्मारक महू में होगा विशाल समागम - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से होंगे शामिल

## राज्य शासन द्वारा श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह की जा रही है आवभगत आवास, भोजन, पेयजल के लिए विशेष व्यवस्था





**आदित्य शर्मा**

इंदौर। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की जयंती इंदौर में आज 14 अप्रैल को पूर्ण आस्था एवं अपार उत्साह के साथ मनाई जाएगी। डॉ. अम्बेड़कर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में विशाल समागम होगा। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होंगे।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में मनाया जा रहा है। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं कि मेहमानों की तरह राज्य शासन द्वारा आवभगत की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की गई है।

अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह में मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की गई। उक्त भोजन व्यवस्था 14 अप्रैल की शाम तक जारी रहेगी। भंतो के भोजन की व्यवस्था माहेश्वरी स्कूल में की गई है तथा उनके रूकने की व्यवस्था भी माहेश्वरी स्कूल में ही है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी किया गया है। श्रद्धालुओं की पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का निर्माण किया गया है।

अम्बेडकर जयंती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के रूकने हेतु धर्मशालाओं, केन्ट बोर्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं केन्ट बोर्ड कन्या स्कूल में की गई है। इसके अलावा तीन विशाल डोम भी ठहरने के लिए बनाए गए हैं। व्यवस्था हेतु कार्यक्रम स्थलों को सात सेक्टर में विभाजित किया गया है। यह सेक्टर महेश्वरी स्कूल महू, डॉ. अम्बेडकर जन्म स्थली, केन्ट प्रायमरी स्कूल, स्वर्ग मंदिर परिसर, रेल्वे स्टेशन से सात रास्ता, केन्ट बोर्ड कन्या विद्यालय तथा उत्कृष्ट विद्यालय महू में बनाये गए हैं। उक्त सात सेक्टरों में दल का गठन कर सभी विभागों के व्यक्तियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सात सेक्टरों पर मराठी भाषी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु तीन स्थानों पर कन्ट्रोल रूम बनाए गए हैं। यह कंट्रोल रूम तहसील परिसर महू, अम्बेडकर जन्म स्थली स्मारक तथा स्वर्ग मंदिर परिसर में रहेंगे।

महू में समारोह के दौरान 6 स्थान पर आकस्मिक चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों का दल गठन कर ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई हेतु इन्दौर नगर निगम एवं स्थानीय निकाय का अमला तैनात किया गया है। समारोह के दौरान अग्निशमन की भी व्यवस्था रहेगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने महू पहुँचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा आज डॉ. अम्बेड़कर नगर महू पहुँचे। यहाँ उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने समारोह के लिए विभिन्न प्रान्तों से आए श्रद्धालुओं से चर्चा की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं को सूक्ष्मता के साथ देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्थाएं बनायी रखी जाए, जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान एसपी ग्रामीण श्रीमती यांगचेन भुटिया, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश द्विवेदी, एसडीएम श्री राकेश परमार, तहसीलदार श्री विवेक सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जनहित एवं किसान हित से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

**मोहम्मद आसिफ**



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (धरतीपुत्र) द्वारा जनहित एवं किसान हित से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी, लखनऊ को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद लखनऊ के ग्राम जेहटा, सैथा, दशहरी, मीरखेड़ा, टाड़खेड़ा सहित कई गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सड़कों की दुर्दशा, जलभराव, पेयजल संकट, अवैध कब्जे, स्ट्रीट लाइट की कमी, नाली व पुलिया की खराब स्थिति जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से ग्राम जेहटा व सैथा में सड़क व नाली निर्माण, मीरखेड़ा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटाने, टाड़खेड़ा में जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त

करने, बुद्धेश्वर क्षेत्र में चोरी की घटना में लंबित कार्रवाई, तथा विभिन्न गांवों में स्ट्रीट लाइट व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके साथ ही थाना बख्शी का तालाब क्षेत्र में हुए विवाद में निष्पक्ष कार्रवाई एवं द्वितीय पक्ष की FIR दर्ज करने तथा हयात नगर में लंबित नपाई कार्य को तत्काल पूरा कराने की भी मांग की गई। संगठन ने प्रशासन को 15 दिन का समय देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन (धरतीपुत्र) व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री रफीक लंबू जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री निजाम गाजी जी, जिला अध्यक्ष लखनऊ श्री नागेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष लखनऊ वसीम अंसारी जी, सुश्री विजय लक्ष्मी जिला उपाध्यक्ष महिला सभा जी, श्री सचिन यादव जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा जी, श्री रामलखन यादव जी, श्री महेश विश्वकर्मा जी, श्री अनिमेष सिंह जिला सचिव हरदोई जी, श्री रिंकू यादव जी, श्री अभिषेक सिंह जी, लवकुश , नीरज, वीरेंद्र, पंकज, मिलन , महफूज, नवाब, आदि सैकड़ों की संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। भारतीय किसान यूनियन (धरतीपुत्र) ने कहा कि किसानों एवं आम जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आत्मविश्वासी व संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण करता है सहजयोग



मनुष्य में शारीरिक शक्ति प्रबल हो या नहीं आत्मविश्वास की शक्ति से वह जीवन में कई उंचाईयों को प्राप्त कर लेता है। शारीरिक रूप से पूर्णतया सक्षम व्यक्ति भी कई बार आत्मविश्वास की कमी के कारण जीवन में पिछड़ जाता है। आत्मविश्वास की शक्ति ही बडे से बड़ा कार्य करवा लेती है। कई बार हमनें देखा है कि बड़ी से बड़ी बीमारी से जूझता रोगी भी अपने आत्मविश्वास के बल पर बीमारी पर विजय पा लेता है।

आत्मविश्वास से ही कार्यशक्ति बढ़ती है और अद्भुत कार्य होते हैं। परंतु हमारे अंदर आत्मविश्वास है या नहीं यह हम कैसे जाने, यह एक सहज प्रश्न है। दरअसल हमें अपने आत्मविश्वास की आवाज स्वयं ही सुननी पड़ती है। यदि हमें अपने अंतर में सदैव व्याप्त आत्मविश्वास को समझना है, तो हमें स्वयं को अंदर तक टटोलना होगा। इसके लिए ध्यान धारणा एक योग्य मार्ग है। गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर उनका आत्मविश्वास जगाया था और अर्जुन ने एक साक्षी के रुप में पूरे महाभारत को देखते हुए युद्ध में अहम भूमिका निभाई। जीवन में जो भी दुख, क्लेश और असफलताएं हैं, उसका कारण अविश्वास या आत्मविश्वास की कमी है। आत्मविश्वास यानि अपनी आत्मा पर विश्वास, हमारे अंदर के ईश्वर पर विश्वास। जिसे जागृत करने के बाद हम अपने अंदर ईश्वर के साक्षी बनते हैं, चैतन्य के माध्यम से अपनी शक्ति को महसूस करते है और यह अनुभूति हमें आत्मविश्वासी बनाती है। सहज योग ध्यान के माध्यम से हम अपने अंदर के ईश्वर को महसूस कर पाते हैं। कई गुणों को जागृत कर एक सफल जीवन का आशीर्वाद पाते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है|

# आध्यात्म को समझने के लिए

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण आवश्यक है

सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी ने सहजयोग के संबंध में अपनी पुस्तक 'सहजयोग' में वर्णित किया है कि, "सर्वप्रथम जिज्ञासु होकर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्ति को इस विषय तक पहुंचना चाहिए। परिकल्पना के समान, सम्मान पूर्वक इस विषय का विवेचन होना चाहिए और परीक्षण करने पर यदि सत्य पाया जाये तो निष्कपटता पूर्वक सचरित्र लोगों द्वारा यह स्वीकार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह विषय व्यक्ति के पूर्ण हित के लिए तथा पूरे विश्व के हित लिए है।"

सहजयोग ध्यान धारणा द्वारा जब हम आत्मा 'से एकाकार हो जाते हैं तो हमारे क्रिया कलापों को, विचारों को बुद्धि का नहीं वरन् आत्मा का मार्ग दर्शन प्राप्त होता है। हमारी आदतें विचार, उद्देश्य, आवश्यकताएँ परिवर्तित होने लगती है और हम प्रत्येक कार्य में आनन्द का अनुभव करने लगते हैं। सहजयोगी आनंद, प्रेम, करुणा, संगीत, नृत्य व हास्य से भरा हुआ होता है। अतः सहजयोग सामूहिकता द्वारा विकीर्णित चैतन्य लहरियां अविश्वसनीय होती हैं जिन्हें अनेकों बार श्री माताजी के कार्यक्रम में कैमरे ने कैद किया है। जब हम आत्मा के सत्य को समझ लेते हैं तो अनेक प्रकार के डर व भय समाप्त हो जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने भी आत्मा के सत्य के विषय में कहा है - 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ ( इस आत्मा को शस्त्र नहीं काट सकते, इसको आग नहीं जला सकती, इसको जल नहीं गला सकता और वायु नहीं सुखा सकती | ( भगवद्गीता, अध्याय 2 श्लोक 231) कुण्डलिनी शक्ति जब सहस्त्रार की ओर बढ़ती है तो हमारे भीतर अन्तर्शुद्धि की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है हमारे चक्रों नाड़ियों में जो भी दोष होते हैं उनका निवारण प्रारम्भ हो जाता है जिससे अनेक बीमारियाँ स्वतः ही ठीक होने लगती हैं। परंतु सहजयोग केवल समस्याओं के समाधान का विकल्प नहीं बल्कि सत्य की खोज का मार्ग है। सहजयोग आत्मज्ञान को प्राप्त कर आत्मनिरीक्षण द्वारा मनुष्यत्व से देवत्व की ओर उत्थान का योग है। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।



# विचार शून्य अवस्था

## मन की वास्तविक शांति (सहज योग के परिप्रेक्ष्य में)

मनुष्य का मन स्वभावतः चंचल है-विचारों की अनवरत धारा में बहता हुआ, कभी अतीत की स्मृतियों में उलझा, तो कभी भविष्य की आशंकाओं में डूबा हुआ। इस सतत विचार प्रवाह में वास्तविक शांति की अनुभूति संभव नहीं हो पाती। सहज योग इसी मूल समस्या का सरल और अनुभवजन्य समाधान प्रस्तुत करता है, जहाँ मन "विचार शून्य अवस्था" में स्थापित होकर अपनी वास्तविक शांति को प्राप्त करता है। विचार शून्यता का अर्थ विचारों का दमन नहीं, बल्कि उनके स्वाभाविक शांत हो जाने की स्थिति है। यह वह अवस्था है जहाँ साधक न तो अतीत में भटकता है, न भविष्य की चिंता में उलझता है, बल्कि वर्तमान क्षण में पूर्णतः स्थित हो जाता है। सहज योग की भाषा में इसे "निर्विचार समाधि" कहा गया है-जहाँ चित्त की वृत्तियाँ शांत होकर आत्मा के प्रकाश में विलीन हो जाती हैं। योग का वास्तविक उद्देश्य केवल शारीरिक आसनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समन्वय की प्रक्रिया है। जब तक मन विचारों के द्वंद्व में उलझा रहता है, तब तक यह समन्वय अधूरा रहता है। सहज योग इस अधूरेपन को पूर्णता में परिवर्तित करता है, क्योंकि इसमें ध्यान के माध्यम से साधक के भीतर स्थित कुंडलिनी शक्ति का जागरण होता है, जो धीरे-धीरे चक्रों को शुद्ध करते हुए सहस्त्रार तक पहुँचती है।

सहज योग की प्रणेता श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 को सहस्त्रार के उद्घाटन के साथ यह पद्धति मानवता को प्राप्त हुई, जिसमें आत्मसाक्षात्कार एक जीवंत अनुभव के रूप में घटित होता है। जैसे ही कुंडलिनी का जागरण होता है, साधक अपने सिर के शीर्ष पर शीतल चैतन्य लहरियों का अनुभव करता है, और उसी क्षण विचारों का प्रवाह स्वतः शांत हो जाता है। यही वह बिंदु है जहाँ मन "विचार शून्य" होकर वास्तविक शांति का स्पर्श करता है। यह अवस्था केवल क्षणिक अनुभव नहीं, बल्कि नियमित ध्यान के अभ्यास से स्थायी होती जाती है। प्रारंभ में साधक कुछ क्षणों के लिए निर्विचार अवस्था को अनुभव करता है, परंतु धीरे-धीरे यह उसकी स्वाभाविक स्थिति बन जाती है। परिणामस्वरूप उसके भीतर की अशांति, तनाव, क्रोध और भय जैसे विकार स्वतः समाप्त होने लगते हैं। सहज योग की विशेषता इसकी सरलता और सामूहिकता में निहित है। यह कोई जटिल साधना नहीं, बल्कि सहज रूप से घटित होने वाली प्रक्रिया है, जिसमें साधक को किसी प्रकार के दमन या कठोर अनुशासन की आवश्यकता नहीं होती। परिवार के साथ सामूहिक ध्यान करने से यह अनुभव और भी गहरा हो जाता है, क्योंकि सामूहिक चेतना में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक तीव्र होता है।



आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण युग में, जहाँ मन निरंतर दबाव में रहता है, विचार शून्य अवस्था केवल आध्यात्मिक विलास नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य की अनिवार्यता बन गई है। सहज योग इस दिशा में एक वैज्ञानिक और प्रमाणित पद्धति के रूप में स्थापित हो चुका है, जिस पर देश-विदेश के अनेक वैज्ञानिकों ने शोध कर इसके लाभों की पुष्टि की है। वास्तव में शांति बाहर से प्राप्त होने वाली वस्तु नहीं है, यह मन के भीतर ही निहित है-परंतु विचारों का आवरण इसे ढक देता है। जैसे ही यह आवरण हटता है, आत्मा की निर्मल शांति प्रकट हो जाती है। सहज योग इसी आवरण को हटाने की प्रक्रिया है, जो साधक को स्वयं के भीतर स्थित उस शाश्वत शांति से जोड़ देती है। अतः कहा जा सकता है कि विचार शून्य अवस्था ही मन की वास्तविक शांति है, और सहज योग उस अवस्था तक पहुँचने का सबसे सरल, सहज और प्रभावी मार्ग है-जहाँ साधक स्वयं को, अपने अस्तित्व को और परम चैतन्य को एकाकार रूप में अनुभव करता है। नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

# धार पुलिस को मिली बड़ी सफलता 48 घंटे मे लुट

## अपहरण हत्या करने वाले आरोपीयों को किया गिरफ्तार

दिलीप पाटीदार

धार जिले के डही क्षेत्र में 11 अप्रैल को एक ऑटो डीलर से टेस्ट ड्राइव के बहाने बोलेरो वाहन लूटने की साजिश रची गई। आरोपियों ने बोलेरो वाहन एमपी 04 टीटी 3572 को खरीदने की इच्छा जताई और टेस्ट ड्रॉइव के बहाने शोरुम के कर्मचारी साहिल का अपहरण कर लिया और गाड़ी लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जब कर्मचारी ने गाड़ी वापस ले जाने की बात कही, तो आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी। बाद में उसका शव सुसारी क्षेत्र की झाड़ियों में बरामद हुआ, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर नाकाबंदी की। महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील मेड़ा सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की तेज कार्रवाई, मुखबिर सूचना और तकनीकी जांच के चलते इस जघन्य वारदात का खुलासा संभव हो सका। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पूरी टीम की सराहना करते हुए इसे बड़ी सफलता बताया है।



धार पुलिस ने अपहरण हत्या की सनसनीखेज लूट का खुलासा कर राहत की सांस ली है,वही मृतक के परिजनों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

# बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का घेराव

## इंदौर में बढ़ा विरोध, बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता शामिल





**रेणु कैथवास**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों और अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ विरोध अब तेज होता जा रहा है। Madhya Pradesh Congress Committee के आह्वान पर इंदौर शहर में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मार्गदर्शन में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत मंडल कार्यालयों का घेराव कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में ब्लॉक क्रमांक 20 के अध्यक्ष पुखराज सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने Madhya Pradesh Paschim Kshetra Vidyut Vitaran Company Limited के मनोरमागंज विद्युत मंडल जोन पर प्रदर्शन किया और अधिकारियों के सामने आम जनता की समस्याएं रखीं। प्रदर्शन के दौरान बिजली की अनियमित आपूर्ति, बढ़ते बिलों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर गहरा आक्रोश देखने को मिला।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विनय बाकलीवाल, विधानसभा प्रभारी अमन बजाज, वरिष्ठ नेत्री किरण जिरेती, राधे बोरासी, बादशाह मिमरोट, बबलु कौशल, अमरदीप सिलावट, अकरम खान, कमलेश पटेरिया, मथुरा सागर, दीनू मालवीय, विजय राठौर, आशीष चौधरी, मुकेश यादव, धर्मेंद्र बड़े, धर्मेंद्र बोरासी, रंजीत गुहार, महेश चौधरी, जुबेर खान, राहुल शर्मा, युसूफ खान, नंदलाल यादव, कमलेश पाल, अभिषेक बोरासी, आकाश वर्मा, मदन यादव, अनुराग बोरासी, अखिलेश जैन, राहुल अय्यर, जय गुर्जर, जितेंद्र वर्मा, राजेंद्र पंडित, राजदीप सिलावट, जगदीश सर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठजन और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके साथ ही इस आंदोलन में (आपका नाम) की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया, बढ़ते बिलों पर नियंत्रण नहीं हुआ और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी इस आंदोलन को और उग्र रूप देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई आम जनता के हक की है और समाधान होने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन





**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। जिला स्तरीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ पंचायत से पर्लियामेंट तक नारी शक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेष में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर देश और समाज के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है, महिलाएं पायलट, डॉक्टर, राजनीतिक, प्रशासनिक अधिकारी जैसे अन्य क्षेत्रों में पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ रही है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी उपस्थिति में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली रूप देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, सीईओ जनपद पंचायत श्री गलैक्सी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री अखिलेश मिश्रा, परियोजना अधिकारी श्री आनंद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# किराना दुकान में लगी आग

## लाखों का समान हुआ जलकर खाक



**प्रदीप सिंह बघेल**

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खड्डा गांव में बीती रात एक झोपड़ी नुमा किराना दुकान में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा देने का मामला सामने आया है। घटना में दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई, जिससे दुकानदार को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खड्डा गांव निवासी सालिकराम पटेल सड़क किनारे झोपड़ी नुमा दुकान में किराना सामग्री रखकर अपना व्यवसाय करते थे। रोज की तरह रविवार शाम को वे दुकान का सारा सामान पेटी में बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो वहां का नजारा देख हैरान रह गए। पूरी दुकान जल चुकी थी और अंदर रखा सामान भी राख में तब्दील हो गया था।

पीड़ित सालिकराम पटेल ने बताया कि उन्हें संदेह है कि गांव के कुछ लोगों ने जानबूझकर उनकी दुकान में आग लगाई है, हालांकि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। घटना के बाद उन्होंने ब्यौहारी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्धों की तलाश के साथ ही आगजनी के कारणों की जांच की जा रही है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

# नगर निगम प्रशासन की बड़ी कार्रवाई अनधिकृत रूप से संचालित तीन मैरिज गार्डन पर लगाया ताला

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । नगर पालिक निगम द्वारा शहर में अनधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डन के विरुद्ध सोमवार को "मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं उपभोग उपविधि 2020" के प्रावधानों के तहत तीन मैरिज गार्डन में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में नोडल अधिकारी कालोनी सेल ने बताया कि निगम प्रशासन ने बिना वैध लाइसेंस संचालित हो रहे तीन मैरिज गार्डन पर तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।



यह कार्रवाई निगमायुक्त के निर्देश पर गठित अमले द्वारा की गई, जिसमें पाया गया कि संबंधित विवाह स्थल बिना निर्धारित पंजीयन एवं आवश्यक अनुमति के नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित हो रहे थे। पूर्व में भी संचालकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु निर्धारित समयावधि में पालन न करने पर यह दंडात्मक कदम उठाया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में संचालित सभी विवाह स्थलों को उपविधियों के अनुरूप पंजीयन एवं लाइसेंस लेना अनिवार्य है। नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य संस्थानों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल वैध रूप से पंजीकृत एवं अनुमति प्राप्त विवाह स्थलों का ही उपयोग करें, ताकि सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं के मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।

# प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का इंदौर आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**खुशबू श्रीवास्तव**

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के इंदौर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उनके निवास पर पहुंचने पर साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने परिवारजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष रघु यादव सहित निखिल सोनी, राकेश कुमावत, सोनू यादव, ऋषभ संतोष सिंह गौर, मनीष जायसवाल, विनोद कश्यप, शुभम शिवारे, मोहित कश्यप, संजय साहू एवं सुरेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय मंडल मीडिया प्रभारी राम कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर तिवारी ने की जनगणना

## सीएम हेल्पलाइन, जलगंगा संवर्धन अभियान एवं समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा, अधिकारियों को दिये जरूरी दिशा-निर्देश





नवल किशोर कुशवाहा

**कटनी** । जिले में 1 अप्रैल से लागू ई-विकास वितरण प्रणाली के तहत ही खाद का वितरण किया जाय। इसका उल्लंघन करने वाले निजी उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित करें।

साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि लाइसेंस निलंबन की अवधि में विक्रय संस्थान द्वारा स्टॉक का विक्रय न हो। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को सहकारी बैंक, मार्कफेड एवं कृषि विभाग आपसी समन्वय से निराकृत करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहें। कलेक्टर श्री तिवारी ने 15 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूँ उपार्जन के मद्देनजर अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रो में समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को उपार्जन केन्द्रों की सूची अपने पास रखने हेतु निर्देशित किया।

जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा- कलेक्टर श्री तिवारी ने जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदार व एसडीएम को निर्देशित किया कि कर्मचारियों के बैच बनाकर ट्रेनिंग दिलाने का कार्य गंभीरता से पूर्ण करें। जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई एवं स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल की अवधि में संपादित किया जाएगा।

# "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" के सीधे प्रसारण को ग्राम पंचायतों में मातृ शक्तियों के विशाल जन समुदाय ने देखा व सुना

कटनी । नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संबोधित "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों में जिले की ग्राम पंचायतों में उपस्थित मातृ शक्तियों के विशाल जन समुदाय ने उत्साह और गर्मजोशी के साथ देखा और सुना। अवगत होवे कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नई दिल्ली विज्ञान भवन में 13 अप्रैल 2026 आयोजित को नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के सीधे प्रसारण को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में दिखाने के निर्देश दिए थे। फलस्वरुप ग्राम पंचायतों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, महिला कार्यकर्ता, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, महिला पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, कला एवं संस्कृति से जुड़े व्यक्तियों के साथ-साथ अन्य विधाओं में पारंगत जन समूह ने बेहद उत्साह पूर्वक सहभागिता की।



उद्देश्य-नारी शक्ति वंदन सम्मेलन भारत के विकास पथ को आकार देने में महिलाओं की अधिक भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह ग्राम पंचायतों से लेकर सभी स्तरों पर शासन और नेतृत्व में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाएगा। यह कार्यक्रम निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व के महत्व पर बल देगा। यह सम्मेलन विकसित भारत की दिशा में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालेगा। यह विकसित भारत की परिकल्पना के मुख्य स्तंभ के रूप में महिला नेतृत्व वाले विकास के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा 111वां स्थापना दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया




खुशबू श्रीवास्तव

**इंदौर**। अखिल भारत हिन्दू महासभा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य और वर्तमान भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज में एकता, स्वाभिमान और सेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 1915 में हरिद्वार के कुम्भ मेले में हिन्दू महासभा की स्थापना की गई थी। उस समय देश पराधीन था और समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा था। ऐसे दौर में मदन मोहन मालवीय जैसे दूरदर्शी नेताओं ने एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहां हिन्दू समाज अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक मुद्दों पर एकजुट होकर विचार कर सके।

कार्यक्रम में बताया गया कि संगठन ने प्रारंभ से ही गौ-रक्षा, हिन्दी भाषा, संस्कृत शिक्षा और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को प्रमुखता दी। साथ ही युवाओं को यह संदेश दिया गया कि धर्म केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि कर्तव्य, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। वक्ताओं ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना का उदाहरण देते हुए बताया कि परंपरा और आधुनिकता को साथ लेकर चलना ही समाज के विकास का मार्ग है। इस अवसर पर मोहिता नंद महाराज (प्रदेश उपाध्यक्ष) ने अपने संबोधन में कहा कि आज भी संगठन की विचारधारा प्रासंगिक है और समाज को संगठित होकर शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे संगठन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए समाज के उत्थान और देश की मजबूती में अपना योगदान दें।

# बीड़ी के लिए पैसे ना देने पर बाके से जानलेवा हमला

नवल किशोर कुशवाहा



कटनी। रोजाना की तरहअशोक साहू और उसके अन्य साथी रोजाना की तरह प्रातः 5:00 बजे महुआ बिनने जंगल जाते समय गांव के तालाब के पास पहुंचे उसी समय सुशील कोल आ पहुंच और मुझसे बीड़ी की मांग करने लगा मेरे द्वारा मना करने पर बोलने लगा की बीड़ी नहीं है तो पैसे दो तो वह मुझे गुस्से में आकर गाली गलौज करने लगा और मां बहन की गंदी-गंदी गाली देने लगा हाथ मे लोहा का धारदार दार घातक हथियार बांका लिए हुए था वह मुझ पर हमले करने लगा और कहने लगा मुझे पैसे दो बीड़ी खरीदने के लिए ,नहीं देने पर मेरे ऊपर हमला कर दिया ।और मेरे बाएं तरफ माथे में और बाएं हाथ चोट लगी जिससे खून निकलने लगा मैं चिल्लाया पीछे मेरा भाई गणेश साहू काशी राम साहू मुझे बचाने दोड़े सुशील कोल के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। मेरा पुत्र काशीराम सहू तुरंत मुझे शासकीय अस्पताल इलाज के लिए भर्ती करवाया गया अस्पताल के वार्ड नंबर 1 मे ऑर्थोपेडिक वार्ड वार्ड भर्ती किया और इलाज रात मे इलाज होने लगा मेरे माथे में टांके लगे और बगल में भी चोटे आई सुशील कोल के खिलाफ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिस पर तात्पर्य दिखाते हुए पुलिस ने कार्यवाही की थाना एन के जे कटनी के द्वारा मामला कायम कर अपराध क्रमांक 0/26 भारतीय दंडसहिता धारा 296/बी 118(1)119(1)351(3)के तहत एफ आई आर दर्ज की और और कार्रवाई शुरू कर दी यह भी जानकारी मिली है कि अपराधी को गांव के सरपंच पति विनोद तिवारी के द्वारा सुशील कोल को एनके जे थना में गिरफ्तार गिरफ्तार कराया। जानकारी मिली एनके जे। थाने प्रभारी के द्वारा उसे छोड़ दिया जिस गांव मे दहशत का माहौल है पुलिस के द्वारा अपराधी को छोड़ दिया गया इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी मगर खुलेआम अपराधी घूम रहा है कोई दूसरीघटना ना घट उसे गिरफ्तार किया जए अशोक साहू डॉक्टर रिपोर्ट के अनुसार अंदरूनी चोट होने के कारण उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया जिला प्रशासन को चाहिए ऐसे अपराधी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करें ताकि उसे न्यायमिल सके।

# हाईवे में हुआ एक्सीडेंट बाईक चालक गंभीर ट्रक चालक फरार

प्रदीप सिंह बघेल



शहडोल। बीती रात शहडोल के सोहागपुर थाना क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। थाना सोहागपुर के सामने पुलिया के पास हाईवे में चल रहे ट्रक के पीछे अपाचे मोटरसाइकिल सवार युवक जा घुसा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ने लापरवाही दिखाते हुए बाइक को करीब 700 मीटर तक घसीटते हुए ओवरब्रिज के आगे तक ले गया। इसके बाद सुनसान जगह पर बाइक निकालकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# बुरहानपुरः दावों की खुली पोल

## ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर के लिए मचा हाहाकार

**ग्राम सिरपुर सहित खकनार तहसील के ग्रामीण परेशान, बुकिंग के 10 दिन बाद भी नहीं मिल रही गैस टंकी**

**महेन्द्र मालवीय**

बुरहानपुरः जिले में प्रशासन और गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही "सुचारू आपूर्ति" के दावे धरातल पर खोखले साबित हो रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की भारी किल्लत ने लोगों का चूल्हा ठंडा कर दिया है। हालात यह हैं कि 10 से 15 दिन पहले बुकिंग कराने के बावजूद ग्रामीणों को गैस सिलेंडर नसीब नहीं हो रहे हैं।

**बुकिंग का समय सीमा बढ़ी, वितरण की रफ्तार थमी**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पहले गैस बुकिंग की समय सीमा जो 21 दिन थी, उसे अब बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है। इसके बावजूद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खकनार तहसील के ग्राम सिरपुर



और आसपास के अंचलों में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए गैस वितरण केंद्रों (Point Points) पर स्टॉक न होने की बात कहकर उपभोक्ताओं को बैरंग लौटाया जा रहा है।

**CM हेल्पलाइन भी बेअसर**

गैस की किल्लत से परेशान ग्रामीण अब प्रशासनिक स्तर पर गुहार लगा रहे हैं। कई ग्रामीणों ने इस संबंध में CM हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन वहां से भी अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार धुंआ मुक्त रसोई का प्रचार कर रही है, वहीं दूसरी ओर सिलेंडर न मिलने के कारण उन्हें फिर से लकड़ियों और पारंपरिक साधनों पर निर्भर होना पड़ रहा है।

**इनका कहना हैः**

"हमने 10 दिन पहले सिलेंडर बुक किया था, लेकिन अभी तक वितरण केंद्र से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। अधिकारी कह रहे हैं कि ऊपर से ही सप्लाई कम है।"

**स्थानीय ग्रामीण, सिरपुर**

# अवैध रूप से ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों के क्रय-विक्रय एवं भंडारण पर एफआईआर दर्ज



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। इंदौर जिले के मल्हारगंज तहसील अंतर्गत ग्राम टिगरिया बादशाह में ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों के अवैध क्रय-विक्रय एवं भंडारण के मामले में प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया है। खातीवाला टैंक निवासी अब्दुल कादिर कुक्षीवाला द्वारा बिना वैधानिक अनुमति/अनुज्ञप्ति के पेट्रोलियम उत्पादों का अवैध व्यापार किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान मौके से एमटीओ 3000 लीटर, तारपीन 1200 लीटर तथा सॉफ्ट थिनर 11500 लीटर, कुल अनुमानित कीमत 7 लाख 17 हजार 600 रुपये के ज्वलनशील पदार्थ जप्त किए गए।

यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी अविनाश जैन द्वारा पुलिस थाना बाणगंगा में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कराया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण एवं व्यापार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# ट्रेन के डिब्बे में लगी अचानक लगी आग, मचा हड़कंप अफरातफरी का माहौल



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले के ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास साइडिंग में खड़ी रेलवे ट्रैक मशीन की बोगी में लगी आग ने कुछ ही देर में लोगों को दहशत में डाल दिया, हालांकि राहत टीम की तत्परता से स्थिति पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के साइडिंग ट्रैक पर चार कोच वाली वर्कशॉप कम रेस्ट फॉर ट्रैक मशीन खड़ी थी। इसी दौरान इनमें से एक कोच, जिसका नंबर ईसीओ 994129 बताया जा रहा है, उसमें अचानक अज्ञात कारणों से रविवार दोपहर आग भड़क उठी। घटना के समय बोगी के अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया और उसे फैलने से रोक लिया। यदि समय पर आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो पास खड़ी अन्य बोगियां भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। मौके पर थाना प्रभारी जिया उल हक भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं ब्यौहारी आरपीएफ चौकी प्रभारी गिरिश कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना के समय ट्रैक स्टाफ कार्य के लिए बाहर गया हुआ था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। रेलवे अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है। बताया जा रहा है कि ब्यौहारी रेलवे स्टेशन जबलपुर मंडल के अंतर्गत आता है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# इंदौर भाजपा ग्रामीण काः 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का समापन



**आदित्य शर्मा**

इंदौर—भारतीय जनता पार्टी इंदौर ग्रामीण द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के नगर मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक एवं भाजपा के संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने शिरकत की। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा की भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहने और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। अनुशासन और संगठन की रीति-नीति का पालन ही भारतीय जनता पार्टी को अन्य दलों से अलग बनाता है।

उपलब्धियांः उन्होंने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना ही हमारा मूल मंत्र है...

संगठनात्मक चर्चा और आगामी रणनीति-सत्र के दौरान आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसेवा के संकल्प को और अधिक धार देने पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने की शपथ ली। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जेपी नागर ने देते हुए बताया की कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे !

स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने दिया इस अवसर पर विधायक उषा ठाकुर, पूर्व विधायक जीतू जिराति,उमा नारायण पटेल, देव राजसिंह परिहार,राधेश्याम यादव, रामविलास पटेल,महामन्त्री राम स्वरुप गहलोत,पूंजालाल नीनामा,चिंटू वर्मा,अशोक अधिकारी,पियूष विजयवर्गीय मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी, आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम नारोलिया ने किया आभार अदिति राठौर ने माना. समापन सत्र के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत गा कर राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया।

इंदौर में NEET (UG) 2026 परीक्षा 3 मई को

# परीक्षा की व्यापक तैयारियां शुरू, कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

आदित्य शर्मा





इंदौर। इंदौर में NEET (UG) 2026 परीक्षा के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली NEET परीक्षा के लिए इंदौर जिले में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 23,160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील परीक्षा है, इसलिए सुरक्षा, गोपनीयता एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग को पर्याप्त सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। किसी भी तरह की परेशानी नहीं आए। बैकअप की व्यवस्था भी सभी केन्द्रों पर सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित अधिकारी मौका मुआयना कर व्यवस्थाओं और सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रहेगी। साथ ही गोपनीय सामग्री को सुरक्षित तरीके से बैंक लॉकर से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए विशेष पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाएगी। परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग NTA के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाएगी। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस, पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, परिवहन व्यवस्था तथा दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नगर निगम द्वारा साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं हो। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



आदित्य शर्मा

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी उड़ान दस्ता प्रभारी कमलेश सोलंकी एवं ADEO श्री जहांगीर खान व श्री धर्मेन्द्र जोशी के नेतृत्व में दिनांक-12/04/2026 प्रातः गश्त के दौरान वृत्त- बालदा कॉलोनी ,बाम्बे बाजार प्रभारी उप निरीक्षक मीरा सिंह के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

आज की कार्यवाही में वृत्त बालदा कालोनी में मुखबिर की सूचना पर अलग अलग स्थान बड़ी ग्वालटोली, महूनाका,केसरबाग ब्रिज के नीचे घेराबंदी कर शंका के आधार पर एक दुपहिया वाहन क्रमांक-MP09AV2126 को रोककर तलाशी लेने पर , जिसमें अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही देशी मदिरा मसाला कुल 24.3 बल्क लीटर शराब जप्त कर एवं दो अन्य आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत कुल = 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 84445 /- रुपए रही। केसरबाग ब्रिज के नीचे आरोपी करण की तलाश भी शुरू की गई है आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक अजय चंद्रावत, तरुण जाट, संगीता यादव,कैलाश अखण्डे,बबलू सिसोदिया ड्राइवर अमित का सराहनीय योगदान रहा।

# भाजपा का गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत सांसद लालवानी पहुंचे धन्नड

आदित्य शर्मा



देपालपुर_भारतीय जनता पार्टी के गाँव चलो- बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत सांसद शंकर लालवानी देपालपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत धन्नड में पहुचे गांव के मुख्य चौक पर आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान सांसद लालवानी ने समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क किया व बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना व उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया। साथ ही क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं एवं उनके समाधान पर उपस्थित जनसमूह से विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनके अनुभवों एवं संगठन के प्रति समर्पण को नमन किया। साथ ही केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर भी विस्तृत चर्चा की, जिससे आमजन इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकें। इस आयोजन में वरिष्ठ नेता गोपालसिंह चौधरी मोहनसिंह कछावा, नीलेश उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य महेश कामदार, कैलाश भांगड़िया लक्ष्मीनारायण चौधरी, सरपंच श्रीमति ललीता आनन्दीलाल सेठ, दिलीप जाट सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आबकारी वृत्त मालवा मिल बी, छावनी, भोई मोहल्ला, राज मोहल्ला, आंतरिक 2 की टीम ने सब्ज़ी मंडी क्षेत्र के ढाबों पर कार्यवाही की

आदित्य शर्मा



इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय श्री देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल, उड़नदस्ता प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी ,श्री सी के साहू के नेतृत्व में दिनांक-11/04/2026 को आबकारी वृत्त मालवा मिल बी, छावनी, भोई मोहल्ला, राज मोहल्ला, आंतरिक 2 की टीम ने सब्जी मंडी क्षेत्र के ढाबों पर कार्यवाही की | आज की गई कार्यवाही में पिंड पंजाब ढाबा, ढाबा शाबा एवं अन्य ढाबों पर एकसाथ कार्यवाही की, जिसमें अवैध रूप से मदिरा पान कराने वालों पर आबकारी अधिनियम में 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, पंजीकृत प्रकरणों में कुल 4.625 लीटर शराब ज़ब्त की गई, ज़ब्त शराब की कुल कीमत लगभग 5000/- रू है |इस प्रकार की कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी | आज की कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक श्री सुनील कुमार मालवीय, श्रीमती मीना माल, श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा, श्रीमती जया मुजालदे द्वारा की गई एवं आबकारी आरक्षक श्री ओम प्रकाश साहू,श्री किशन रघुवंशी ,श्री उस्मान मिर्जा,श्री मति अंकिता का सराहनीय योगदान रहा ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )